# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 22 फाल्गुन, 1936 (श0) / 13 मार्च, 2015 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 22

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 06 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 15 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 22 |

विद्युतीकरण कराना

*32. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजनान्तर्गत वर्ष 2012 तक सभी गाँवों के विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा गया था परन्तु खगड़िया जिला के खगड़िया प्रखण्ड अन्तर्गत भदास दक्षिणी पंचायत का त्रिभुवन टोला गाँव एवं कुष्ठ कॉलोनी का अबतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

स्थापित करना

*33. डॉ0 कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखण्ड के होरमा ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-होरमा में एक 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मशीन चालू कराना

*34. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसबा में स्थित एक्स-रे मशीन लगा हुआ है, जो विगत 2 वर्षों से बन्द पड़ा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के एक्स-रे मशीन को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

एम्बुलेंस की सेवा शुरू कराना

*35. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 17 जनवरी, 2015 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''सड़ा दिये छह करोड़ के 70 एम्बुलेंस, 70 लाख नहीं दिये'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में एम्बुलेंस सेवा की स्थिति सुधारने के लिये नेशनल रूरल हेल्थ मिशन के सहयोग से 102 एम्बुलेंस सेवा शुरू की गयी जो 7 फरवरी, 2014 से ठप है, यदि हाँ, तो उक्त सेवा पुनः शुरू करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

नये भवन का निर्माण कराना

*36. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर नगर पंचायत के डुमरावा अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र बहुत पुराना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन काफी जर्जर रहने के कारण कभी भी भवन का छत या अन्य कोई दीवार के गिरने की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में उक्त जर्जर भवन को ध्वस्त कर नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*37. श्री पवन कुमार जायसवाल--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 जनवरी, 2015 को प्रकाशित ''बस रूट से नहीं जुड़े पर्यटक स्थल'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में असीम सम्भावनाओं के बावजूद राज्य के केसरिया बौद्ध स्तूप, वैशाली बौद्ध स्तूप, गाँधी संग्रहालय, मोतिहारी आदि अनेकों पर्यटक स्थल पर्यटन निगम की बस सेवा नहीं रहने के कारण उपेक्षित है, यदि हाँ, तो उक्त स्थलों हेतु पर्यटन विकास निगम को बस सेवा नहीं उपलब्ध कराने का क्या औचित्य है ?

---

उपकरण लगाना

*38. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसबा में अल्ट्रासाउण्ड मशीन एवं ट्रॉमा सेन्टर नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अल्ट्रासाउण्ड मशीन एवं ट्रॉमा सेन्टर खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तार बदलना

*39. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारुन प्रखण्ड में टेंगरा पॉवर स्टेशन के ओगिया फीडर में ग्राम-सनथुआ से गम्हारी तक तार जर्जर है जिससे आम जनता को जान-माल का खतरा बना रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अतिरिक्त स्वा० केन्द्र खोलना

*40. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित कोसी दियारा के पंचायतें गढ़गाँव, बसीपट्टी, डारह, ड्डालख, मलपतिया, बकुआ, भरगामा, करहारा के बीच कोई अस्पताल नहीं है जिस वजह से वर्णित पंचायतों के बासिन्दे नाव से नदी पार कर पी०एच०सी० मधेपुर इलाज हेतु आते हैं तथा गंभीर रोगी रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वर्णित पंचायतों के ड्डालख गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलकर उक्त इलाके के निवासियों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पदस्थापना करना

*41. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि होमियोपैथी अस्पताल, कदमकुआँ, पटना की स्थापना 1986 में हुई थी, जिसमें चिकित्सक एवं सहायक चिकित्साकर्मी का स्वीकृत पद 14 के विरुद्ध 8 कार्यरत तथा 6 पद रिक्त एवं अन्य कर्मी का पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल में प्रतिदिन 400-450 मरीज हर दिन ओ०पी०डी० में इलाज कराने आते हैं तथा अस्पताल का भवन जर्जर होने के कारण प्लास्टर छत से गिर रहा है जिससे कर्मी भी सशंकित रहते हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अस्पताल के भवन की मरम्मती तथा रिक्त पदों पर चिकित्सकों एवं कर्मी की पदस्थापना कबतक करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन निर्माण कराना

*42. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखण्ड के चेहरिया स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन नहीं है, यदि हाँ, तो उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के लिये सरकार कबतक भवन बनाने का विचार रखती है ?

-------

अति० स्वा० केन्द्र खोलना

*43. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखण्ड के जतुका पेकटोल पंचायत के चक्का गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जिससे जनता को इलाज कराने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घेराबंदी कराना

*44. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल, बहेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं बहेड़ी स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी निर्माण नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्व द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों की घेराबंदी का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

अति० प्राथमिक स्वा० केन्द्र खोलना

*45. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के बलहा पंचायत के अगल-बगल 20 कि०मी० की दूरी में एक भी अस्पताल नहीं है, जिससे लोगों को इलाज में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो प्रावधान के आलोक में क्या सरकार बलहा पंचायत में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*46. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ए०एन०एम० स्कूल, जमुई हेतु 3.96 करोड़, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया हेतु वर्ष 2013 में 538.87 करोड़, वर्ष 2014 में 41 करोड़, 30 शैय्या अस्पताल निर्माण हेतु 164.83 करोड़, डेन्टल कॉलेज, नालंदा हेतु 308.31 करोड़, 106 बेड सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, राजेन्द्र नगर पटना हेतु 41.41 करोड़, सेन्टर ऑफ एक्सैलेंस, एन०एम०सी०एच० हेतु 35.62 करोड़, 3 ए०पी०सी०एच० हेतु 3.36 करोड़, 9 डायग्नोस्टिक सेंटर निर्माण हेतु 4 करोड़, मेंटल हॉस्पीटल, कोइलवर हेतु 0.077 करोड़, पकड़ी झझवां सिधवलिया, गोपालगंज में 30 बेड सी०एच०सी० निर्माण हेतु 5 करोड़ 70 लाख, सिधवलिया पी०एच०सी० में अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ 20 लाख, ए०पी०एच०सी०, बलरा, बरौली, रेवतिथ, बैकुण्ठपुर, गोपालगंज में भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति की गई थी, जिसका भवन निर्माण कार्य अबतक लम्बित है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त योजना कबतक पूर्ण कराने का सरकार विचार रखती है ?

-------

चालू कराना

*47. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित रेफरल अस्पताल, मधेपुर का भवन निर्माण वर्ष 1988 से पूर्ण है, परन्तु आजतक वह अस्पताल चालू नहीं किया जा सका है जिसके कारण अस्पताल का परिसर पशुओं का चारागाह बना हुआ है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक वर्णित अस्पताल को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*48. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत वर्ष 2012 तक सभी गाँवों का विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया प्रखंड के उत्तर माड़र पंचायत के मधुरा, छमसिया एवं शहुरी गाँव का अबतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऊर्जान्वित कराना

*49. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के नखारा पंचायत के गाँव नरवारा में राजकीय नलकूप है जिसके ऊर्जान्वयन हेतु बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड को जल संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 2013 में 264498=00 रुपये का भुगतान किया गया था फिर भी आजतक विद्युत् बोर्ड के द्वारा नलकूप को ऊर्जान्वित नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

चालू कराना

*50. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह --क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंडान्तर्गत ग्राम ढेंगो में वर्ष 2009 में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अभीतक चालू नहीं किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों को उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल लगाना

*51. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड दुर्गावती के नियरान गाँव में पोल नहीं होने के कारण बाँस द्वारा विद्युत् आपूर्ति होती है जो खतरनाक है, यदि हाँ, तो बिजली पोल गाड़ने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

कार्रवाई करना

*52. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 18 जनवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''बिहार के 17 जिलों में दवा का संकट गहराया'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 17 जिलों में दवाओं की खरीद नहीं होने के कारण सरकारी अस्पतालों में 112 जरूरी दवाओं के स्थान पर मात्र 55 दवाएँ ही उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी अस्पतालों में दवाई उपलब्ध नहीं रहने के कारण आम नागरिकों को दवाएँ बाजार से खरीदनी पड़ रही है और उन्हे काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो दवाओं को खरीद के लिये टेंडर नहीं कराये जाने के लिये दोषियों पर सरकार कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नलकूप चालू कराना

*53. श्रीमती सुनीता सिंह --क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के परसौनी मैलवार पंचायत के नलकूप, विद्युत् दोष के कारण वर्ष 2010 से बन्द पड़े हुये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप के बन्द होने के कारण परसौनी प्रखंड के किसानों को पानी के पटवन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नलकूप को चालू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पटना:
दिनांक 13 मार्च, 2015 (ई०)।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 147 डी०टी०पी०-450